@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Friday, 29 May 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 253 Pages 04 | ₹3.00

# 'I Am Chief Minister Bhajan Lal Sharma Speaking… Tell Me Your Problem'

## Rajasthan CM turns caller, reaches out directly to citizens through 181 Helpline

FAIR REPORT
BY HEMRAJ TIKAMCHAND





**Jaipur** : In a carefully calibrated display of responsive governance ahead of a politically sensitive summer marked by complaints over water and electricity shortages, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Thursday walked into the state's Contact Helpline 181 control room — and personally began answering citizens' calls.

"Main Bhajanlal Sharma bol raha hoon… aap apni samasya batayiye," the Chief Minister told startled callers as officials and operators looked on inside the Secretariat-based helpline centre.

For many complainants, it was an unexpected moment of direct access to the state's highest office. For the government, it was a message — that the administration intends to project immediacy, accountability and political sensitivity at a time when public grievances over basic civic services are intensifying across several districts.

Among the callers was Prince from Khairabad in Kota district, who raised concerns over erratic electricity supply. Initially surprised to hear the Chief Minister himself on the line, the complainant detailed the issue, after which Sharma instructed officials to ensure immediate action.

In another interaction, Puniram from Ramgarh Pachwara in Dausa district flagged delays related to a residential land lease. Sharma responded with unusual familiarity: "I have visited your village too. Instructions have already been issued for resolving your problem," he said, according to officials present at the control room.

The Chief Minister also spoke to Hemraj from Arain in Ajmer district, who complained about inadequate drinking water supply in his area — a politically sensitive issue as temperatures rise across Rajasthan. Sharma sought detailed inputs and directed officers to ensure prompt redressal.

The unscheduled outreach exercise formed part of a broader push by the state government to strengthen the Rajasthan Sampark grievance redressal mechanism, officials said. During the inspection, Sharma reviewed complaint registration systems, follow-up protocols and monitoring processes at the helpline centre.

Calling the 181 platform an "effective bridge between the government and the people", the Chief Minister said senior officers from departments had been instructed to regularly visit the helpline centre to expedite disposal of complaints.

He also emphasised stricter monitoring of pending grievances and asked officials to seek periodic feedback from helpline staff. Employees performing well, he said, should be recognised and encouraged — a managerial note aimed at improving both efficiency and morale within the grievance redressal system. The optics of the Chief Minister personally receiving calls are significant in a state where access to bureaucracy often remains layered and time-consuming. The government appears keen to position the helpline not merely as a complaint portal, but as a symbol of accessible governance. Whether Thursday's intervention translates into systemic improvements on the ground will ultimately depend on the speed and quality of administrative follow-up. But politically, the message was unambiguous: the Chief Minister wants citizens to know someone at the top is listening.

## Rajasthan to Get Two More IAS Officers as Centre Approves Cadre Transfers on Marriage Grounds

FAIR REPORT





**Jaipur:** Rajasthan's administrative strength is set to expand with the addition of two young IAS officers after the Central Government approved cadre transfers on marriage grounds, a move that reflects the evolving human side of India's elite bureaucracy.

In official orders issued by the Centre, 2020-batch IAS officer Abhishek Jain has been transferred from the Assam-Meghalaya cadre to the Rajasthan cadre following his marriage to Rajasthan cadre IAS officer Aradhana Chauhan. In another significant decision, IAS officer Aditi Vaishnav of the Gujarat cadre has also been allotted the Rajasthan cadre after her marriage to Rajasthan-based IAS officer Madhav Bhardwaj. The transfers, though administrative in nature, highlight an increasingly common trend within the Indian Administrative Service where inter-cadre marriages are reshaping bureaucratic alignments across states. Such transfers are permitted under existing service rules to ensure family stability and administrative convenience for officer couples serving in different parts of the country. For Rajasthan, the move comes as a boost to its bureaucratic pool, bringing in two relatively young officers at a time when governance challenges are becoming increasingly complex and technology-driven.

### Jaipur Woman Held in AI-Driven Honeytrap Case; Businessman Allegedly Extorted of Over Rs 90 Lakh

**Jaipur:** In a sensational honeytrap and cyber extortion case involving the alleged misuse of Artificial Intelligence, Jaipur Police have arrested a woman accused of blackmailing a businessman and extorting more than Rs 90 lakh from him over several months.

The accused, identified as Disha BablA, was arrested from Jodhpur following an investigation initiated after an FIR was lodged at Mahesh Nagar police station in Jaipur.

According to police officials, the woman allegedly used AI-generated content and manipulated digital material to threaten and mentally harass the victim, eventually forcing him to transfer large sums of money. Investigators suspect that sophisticated technology tools were used to create fabricated visuals and messages aimed at trapping and intimidating the complainant.

## Rajasthan's Cyber Shield Gets Stronger: Chief Secretary V. Srinivas Leads High-Impact Push Against Digital Crime

FAIR REPORT



**Jaipur:** In a strong message against the rising menace of cyber crime, Rajasthan Chief Secretary V. Srinivas on Thursday personally reached the Police Headquarters and conducted an extensive high-level review of the state's cyber crime response system, underlining the current administration's aggressive push towards technology-driven governance and citizen protection.

Spending more than two-and-a-half hours at the Cyber Crime Cell despite a public holiday, the Chief Secretary reviewed the functioning of the Cyber Crime Helpline 1930, cyber investigation systems and the operational preparedness of the Rajasthan Cyber Crime and Operation Centre (R4C). The visit was widely seen within administrative circles as a reflection of the government's hands-on and result-oriented approach.

Director General of Police Rajeev Kumar Sharma welcomed the Chief Secretary along with Additional Chief Secretary (Home) Bhaskar A. Sawant. Senior officers including ADG Cyber Crime V.K. Singh, ADG Bhupendra Sahu, DIG Shantanu Singh and SP Sumit Mehrda were present during the review.

In a rare move, the Chief Secretary personally monitored live cyber crime complaint calls, observed the FIR registration process and examined how complaints were being converted into investigation and financial recovery actions. Officials briefed him on the increasing sophistication of online frauds and the urgent need for stronger technological integration. During the meeting, Srinivas directed officials to make Helpline 1930 faster, smarter and more citizen-friendly within the next 30 days. He ordered a significant increase in telephone lines and call operators by June 15 to ensure immediate response to cyber victims across Rajasthan.

The administration also announced plans to integrate Artificial Intelligence into cyber complaint management and response systems, a step officials described as a major leap towards modern policing. Monthly performance audits of all 41 cyber police stations will now be conducted, while special workshops and monitoring mechanisms will be introduced to improve accountability and efficiency.

Officials said particular emphasis would be placed on reducing the critical time gap between reporting cyber fraud and freezing suspicious bank accounts — often the deciding factor in saving victims' money.

The visit has reinforced the image of Rajasthan's top administrative leadership as proactive and technology-focused at a time when cyber fraud is emerging as one of the biggest challenges facing ordinary citizens. Within bureaucratic and policing circles, the coordinated approach of Chief Secretary V. Srinivas, DGP Rajeev Kumar Sharma and the cyber crime leadership is increasingly being viewed as a defining example of responsive governance under the current administration.

# From Charity Land to Corporate Loot: How Jaipur's Medical Empire Turned Public Welfare into a Billion-Rupee Business

FAIR REPORT



**Jaipur** is no longer witnessing healthcare — it is witnessing an organised economic assault on helpless patients. Behind the polished glass facades, marble-finished corridors and five-star luxury suites of the city's elite private hospitals lies a darker reality: a ruthless medical industry allegedly built on government charity, public land and the exploitation of desperation.

What was once allotted as subsidised land for public welfare and free treatment of the poor has now transformed into a massive profit-making machine. Hospitals that received prime government land at throwaway prices under the promise of serving the underprivileged are today accused of operating like corporate extraction centres where treatment often begins with financial intimidation.

From Santokba Durlabhji Hospital to Fortis Escorts and several other major institutions, allegations of excessive billing, commercial prioritisation and neglect of welfare obligations continue to haunt Jaipur's healthcare ecosystem. Critics argue that the poor — for whom these institutions were originally envisioned — are now unable to even enter these glittering medical fortresses.

The original land allotment conditions reportedly mandated free or heavily subsidised treatment for economically weaker patients, reserved beds for the poor and social healthcare responsibilities. Yet, activists and observers question whether any hospital is willing to publicly disclose how many genuinely poor patients received completely free treatment in recent years.

Equally alarming is the silence of the administration. Despite previous inquiries initiated by urban development authorities, reports remain buried in files while questions surrounding land misuse, regulatory violations and alleged financial irregularities remain unanswered.

The irony is staggering. The land belongs to the public. Tax concessions came from public money. Even a significant portion of patient payments flow through government-backed health schemes such as RGHS. Yet the burden of inflated costs ultimately falls on ordinary citizens.

Healthcare in Jaipur was meant to heal. Instead, for many families, it has become a gateway to debt, distress and financial collapse. Unless the government confronts the growing nexus between power, profit and private healthcare, the city risks becoming a symbol not of medical excellence, but of institutionalised exploitation disguised as public service.

FAIR RAJASTHAN



सौर ऊर्जा संयंत्रों से 7376 मेगावाट बिजली का उत्पादन, उपभोक्ताओं की शिकायतों का हो रहा त्वरित निस्तारण

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विद्युत प्रसारण एवं वितरण तंत्र हुआ सुदृढ़

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के बेहतर प्रबंधन एवं दूरगामी निर्णयों के फलस्वरूप प्रदेश में विद्युत प्रसारण एवं वितरण तंत्र में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, जिसके फलस्वरूप भीषण गर्मी के दौर में भी घरेलु, कृषि उपभोक्ताओं सहित उद्योगों को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं नवाचारों से विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों में उल्लेखनीय कमी भी आई है। राज्य सरकार वर्ष 2027 तक दिन के समय में किसानों को बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए विद्युत प्रसारण तंत्र का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। राज्य सरकार के अब तक के कार्यकाल में प्रदेशभर में 33 केवी के 444 सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। वहीं, 211 सब स्टेशन कार्य प्रगतिरत हैं।

इसी प्रकार, 400, 220 और 132 केवी के 59 जीएसएस स्थापित किए गए हैं और 145 जीएसएस का कार्य प्रगतिरत हैं। वहीं, सौर ऊर्जा संयंत्र (कुसुम-ए, सी और रूफटॉप सहित) के वृहद नेटवर्क के जरिए लगभग 7 हजार 376 मेगावाट तथा कोयला



आधारित तापीय परियोजनाओं से 7 हजार 830 मेगावाट विद्युत क्षमता उपलब्ध है।

तापमान में अत्यधिक बढ़ोतरी के कारण ट्रिपिंग अथवा फॉल्ट की आशंका से निपटने तथा उपभोक्ताओं को व्यवधान रहित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डिस्कॉम्स कंपनियों में कार्ययोजना के तहत अलर्ट मोड पर कार्य किया है। गर्मी आने से पहले डिस्कॉम्स ने ट्रांसफार्मरों में 13 हजार 473 एमवीए की क्षमता आवर्धन, 11 केवी और 33 केवी के 4 हजार 815 फीडरों का विभाजन, लगभग 5 हजार सर्किट लाइनों का अतिरिक्त नेटवर्क विस्तार करने के साथ ही 3 हजार 682 जीएसएस के रखरखाव का कार्य व्यापक स्तर पर किया। वहीं, उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विद्युत वितरण निगमों ने प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र विकसित किया गया है। इस तंत्र में टोल फ्री कॉल सेंटर्स, ग्राहक सेवा केन्द्र, केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ लगभग 1129 फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम उपभोक्ताओं की शिकायतों पर रेपिड एक्शन लेते हुए उपभोक्ताओं को राहत पहुंचा रही है। परिणामस्वरूप शिकायतों एवं उनके निस्तारण के संबंध में उल्लेखनीय कमी आई है। जयपुर, अजमेर और जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 1 अप्रेल 2025 से 20 मई 2025 तक नो करंट की लगभग 3 लाख 52 हजार शिकायतें दर्ज हुई, जो इस कालखण्ड में वर्ष 2026 के दौरान लगभग 41 हजार की कमी के साथ 3 लाख 11 हजार ही रह गई हैं।

## राज्य में सरप्लस बिजली उपलब्ध

प्रदेश में 1 मई को विद्युत की मांग 2860 लाख यूनिट थी जो हीटवेव के कारण बढ़कर 3850 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। सर्वाधिक विद्युत मांग 27 मई को रात्रि करीब 10.15 बजे 17333 मेगावाट दर्ज हुई जिसे बिना किसी कटौती के पूरा किया गया है। राज्य में दिन के समय डिमांड की तुलना में बिजली की सरप्लस उपलब्धता है। प्रदेश में 21 मई को 15563 मेगावाट की मांग के विरूद्ध 18751 मेगावाट की उपलब्धता रही। वहीं 22 मई को 15633 मेगावाट की मांग की तुलना में 17497 मेगावाट तथा 23 मई को 16611 मेगावाट मांग की तुलना में 20263 मेगावाट की विदुत उपलब्धता रही। इसी प्रकार 24 मई को 15500 मेगावाट के सापेक्ष 19189 मेगावाट, 25 मई को 15948 मेगावाट की तुलना में 21285 मेगावाट, 26 मई को 16516 मेगावाट की तुलना में 20898 मेगावाट तथा 27 मई को 16683 मेगावाट की मांग के सापेक्ष 21542 मेगावाट की विदुत उपलब्धता रही। सोलर उत्पादन नहीं होने से रात्रि के समय उपलब्धता लगभग 16500 मेगावाट तक रह जाती है और मांग एवं आपूर्ति के बीच कमी होने की स्थिति में इसे एनर्जी एक्सचेंज के माध्यम से क्रय कर पूरा किया जाता है।

## स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा पर विशेष जोर

भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए डिस्कॉम्स प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उत्पादन इकाइयों एवं प्रसारण तंत्रों का समयानुसार रख-रखाव सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, सौर, पवन ऊर्जा परियोजनाओं के साथ-साथ पम्प स्टोरेज, गैस और जल विद्युत तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि प्रदेश स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर सके।

## प्रदेश के 33 से अधिक जिलों को नई सड़कों का तोहफा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सड़क तंत्र को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा की क्रियान्विति करते हुए प्रदेश के 33 से अधिक जिलों में 77 सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इनकी कुल अनुमानित लागत 676.74 करोड़ रुपए है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी इन स्वीकृतियों के तहत प्रदेश में कुल 686.42 किलोमीटर लंबाई की सड़कों के निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे। इसके अंतर्गत अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, बालोतरा, बूंदी, चुरू, दौसा, डीग, डूंगरपुर, डीडवाना-कुचामन, जालोर, झुंझुनू, जोधपुर, करौली, कोटपूतली, नागौर, पाली, फलोदी, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर, सीकर, श्रीगंगानगर, सलूम्बर, सिरोही एवं उदयपुर सहित 33 से अधिक जिले लाभान्वित होंगे। इन कार्यों में राज्य राजमार्ग,मुख्य जिला सड़कें, अन्य जिला सड़कें एवं ग्रामीण श्रेणी की सड़कों का नव-निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य सम्मिलित है।

उपमुख्यमंत्री एवं राजसमंद प्रभारी मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किए चारभुजानाथजी के दर्शन

# चाय पर चर्चा कर जीता ग्रामीणों का दिल

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ क्षेत्र के ग्राम चारभुजा गढ़बोर पहुंचकर प्रभु श्री चारभुजानाथ मंदिर में विधिवत दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। दर्शन के पश्चात उपमुख्यमंत्री का सहज और आत्मीय व्यक्तित्व उस समय देखने को मिला जब उन्होंने मंदिर परिसर के बाहर आमजन के साथ चाय पर चर्चा की। ग्रामीणों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों के बीच बैठकर उन्होंने आत्मीय संवाद किया तथा क्षेत्र की समस्याओं, विकास और जनभावनाओं पर खुलकर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री का यह सरल और अपनत्व भरा व्यवहार लोगों के दिलों को छू गया। आमजन ने भी अपने बीच उपमुख्यमंत्री को सहज रूप में पाकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कई ग्रामीण भावुक होकर गद्‌गद हो उठे। डॉ. बैरवा ने नाथद्वारा पहुंचकर प्रभु श्रीनाथजी के भी सपरिवार दर्शन किए। मंदिर मण्डल द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।



### फ्लैगशिप योजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली

राजसमंद में गुरुवार दोपहर जिला परिषद सभागार में डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। जिसमें राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, समर कंटीन्जेंसी प्लान, जल संचय-जन भागीदारी अभियान तथा वंदे गंगा (जल संरक्षण-जन अभियान) की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। डॉ. बैरवा ने नवीन परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित करने, कुसुम योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी ली। पंच गौरव योजना के अंतर्गत संचालित लखपति दीदी, सोलर दीदी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी एवं पशु सखी कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, अटल ज्ञान केंद्र, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अटल प्रगति पथ सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई।

### जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो : बैरवा

बैठक में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल आदि ने पेयजल सप्लाई, विशेष रूप से बाघेरी परियोजना से पेयजल सप्लाई, विद्त सप्लाई, आरडीएसएस, फार्म पॉण्ड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं, आरवीपीएनएल आदि से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए, जिन पर उपमुख्यमंत्री बैरवा ने हाथों-हाथ पीएचईडी को सभी शिकायतों पर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, पेयजल-बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है ताकि अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंच सके।

## ब्रीफ खबरें

### हर महीने औद्योगिक एसोसिएशनों के साथ बैठक करेंगे अधीक्षण अभियंता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में जयपुर डिस्कॉम ने एक महत्वपूर्ण निर्णय किया है। इसके अन्तर्गत अब सभी ओएंडएम सर्किल में अधीक्षण अभियंताओं को क्षेत्र की औद्योगिक एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ प्रतिमाह बैठक करनी होगी। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य बिजली कनेक्शनों की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, इसमें किसी भी प्रकार की देरी को खत्म करना तथा औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इन बैठकों में औद्योगिक कनेक्शन के लिए आए नए आवेदनों की समीक्षा की जाएगी कि वे किस स्तर पर प्रक्रियाधीन हैं। यदि कोई आवेदन लंबे समय से अटका हुआ है तो उसके तकनीकी या प्रशासनिक कारणों की समीक्षा कर उचित समाधान निकाला जाएगा। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की ट्रिपिंग, कम वोल्टेज या अन्य तकनीकी समस्याओं को लेकर उद्यमियों से सीधा फीडबैक लिया जाएगा ताकि सप्लाई में सुधार किया जा सके। डिस्कॉम प्रबंधन का मानना है कि इससे उद्योगों और निगम के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। यह निर्णय कनेक्शन, विद्त आपूर्ति एवं बिलिंग सहित उद्यमियों की विद्त संबंधी अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण में प्रभावी सिद्ध होगा। इस संबंध में निदेशक तकनीकी की ओर से सभी ओएंडएम वृत्त अधीक्षण अभियंताओं को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### 'भाजपा धर्म और संतों का सबसे ज्यादा सम्मान करने वाली पार्टी'



**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने भैराणा धाम विवाद पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और संतों का सबसे अधिक सम्मान करने वाली पार्टी है। रविवार को कुचामन सिटी में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के उद्‌घाटन में बोलते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि भोराणा धाम मामले में कुछ लोग राजनीतिक लाभ लेना चाहते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने संतों के सम्मान को सर्वोच्च रखते हुए समाधान कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास को समान प्राथमिकता देती है। साथ ही, सरकार युवाओं की बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल धार्मिक आस्थाओं के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं की बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर भी गंभीरता से काम कर रही है। भाजपा का उद्देश्य विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के बीच संतुलन बनाए रखना है। सरकार ने संतों की भावनाओं का सम्मान करते हुए समाधान निकालने की दिशा में कदम बढ़ाए, जिसके बाद स्थिति शांत हुई। भाजपा अब इस पूरे मामले को 'संवाद और संत सम्मान' के जरिए सुलझाया गया विषय बता रही है। प्रशिक्षण शिविर में अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा की कार्यशैली और विचारधारा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि वैचारिक और कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जिसकी परंपरा जनसंघ काल से लगातार जारी है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना और संगठनात्मक कार्यपद्धति से जोड़ना है।

## PMFBY: बीमा प्रक्रिया का सरलीकरण होने से हजारों कृषक परिवारों को होगा फायदा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राज्य सरकार किसान हित में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बदलते मौसम, ओलावृष्टि, चक्रवाती वर्षा एवं कटाई के बाद 14 दिन तक खेत में सूखने के लिए रखी फसल खराब होने पर किसानों को होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) एक मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रही है।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि फसल बीमा की गाइडलाइन के अनुसार फसल बीमा में बीमित किसी किसान की मृत्यु के बाद उनके



वारिसों को बीमा राशि न्यायालय से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र लाने पर ही देय थी। उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करना जटिल प्रक्रिया होने के कारण कई बार बीमा क्लेम राशि कम होने के कारण किसान इसमें रुचि भी नहीं ले रहे थे।फसल बीमा योजना के अंतर्गत दिवंगत बीमित कृषकों के लंबे समय से लंबित फसल बीमा दावों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिसूचित बीमा कंपनियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इस निर्णय से हजारों कृषक परिवारों को समय पर फसल बीमा क्लेम मिल सकेगा।

राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर बीमित कृषक द्वारा किसी पारिवारिक सदस्य को मनोनीत किया गया है, तो बीमा दावा राशि का भुगतान तत्काल संबंधित मनोनीत सदस्य को किया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां मनोनयन उपलब्ध नहीं है, वहां दिवंगत कृषक के लंबित फसल बीमा दावों का भुगतान न्यायालय द्वारा जारी वैध उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, संबंधित तहसीलदार अथवा पटवारी द्वारा जारी वारिसनामा या परिवार के सभी सदस्यों की सहमति से अधिकृत किसी एक पारिवारिक सदस्य को किया जा सकेगा।

## जल संरक्षण के लिए उद्यमी, सामाजिक संगठन, किसान एवं आमजन आगे आएं

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

वंदे गंगा जल संरक्षण, जन अभियान के तहत जिला प्रशासन व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा सीएसआर कार्यशाला का आयोजन विधि, संसदीय एवं जयपुर जिले की प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हुआ।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल धरती के प्राणिमात्र की मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने जिले के सभी उद्यमियों, किसानों, सामाजिक संगठनों ,कार्मिकों एवं आमजन से जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में पूरे तन,मन व धन से जुड़कर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देकर जयपुर जिले को जल के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस दौरान उपस्थित सभी सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिला कलेक्टर संदेश नायक ने प्राणिमात्र के लिए जल की महता बताते हुए सभी उद्यमियों से जल संरक्षण कार्यो में अधिक से अधिक धनराशि दान करने की अपील की है। इस अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सुभाष शर्मा ने अपने स्वागतीय भाषण में 25 मई से 5 जून 2026 तक संचालित इस अभियान में सभी उद्यमियों को व्यापक व सक्रियता से भाग लेने की अपील की है।

इस दौरान वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक डॉ मलेंद्र चौहान ने अधिक भूजल के दोहन से उत्पन्न खतरे व जल ग्रहण विभाग के अधीक्षण अभियंता गोपाल प्रसाद जैन ने बारिश की एक-एक बूंद को सहेजने ने की महत्ता पर प्रस्तुति दी।

रंग ला रहे मुख्यमंत्री के प्रयास : 100 दिवसीय विशेष अभियान में हो रहा उल्लेखनीय कार्य, 60 दिन में 19 लाख व्यक्तियों की स्क्रीनिंग

# टीबी मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा राजस्थान

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान टीबी मुक्त होने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "टीबी मुक्त भारत" के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में संचालित 'टीबी मुक्त भारत अभियान-100 दिवसीय विशेष अभियान' में राजस्थान ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष 24 मार्च को शुरू हुए इस अभियान में मात्र दो माह में प्रदेश में करीब 19 लाख व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'निरामय राजस्थान'





के विजन के तहत जनभागीदारी, तकनीक एवं संवेदनशीलता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा कर हम टीबी की इस जंग को हर हाल में जीतेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेशभर में 24 मार्च से 11,328 हाई रिस्क गांवों एवं वार्डों में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में अब तक करीब 5 हजार आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 18.93 लाख से अधिक व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। समय पर एवं सटीक जांच करने के लिए 16.51 लाख चेस्ट एक्स-रे तथा 1.41 लाख से अधिक एनएएटी जांचें सुनिश्चित की गईं।

उन्होंने बताया कि सक्रिय केस खोज (एक्टिव केस फाइंडिंग) गतिविधियों के माध्यम से अभियान के दौरान कुल 32,102 नए टीबी रोगियों की पहचान की गई। इनमें 10,457 ऐसे मरीज शामिल हैं, जिनमें किसी प्रकार के लक्षण नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय एवं वैज्ञानिक कार्यप्रणाली को दर्शाती है। संवेदनशील एवं उच्च जोखिम वाली आबादी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक व्यक्तियों की एक्सरे एवं नाट मशीन से जांच की जा रही है।

### 12 हजार से अधिक को टीपीटी

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण एवं आवश्यकता आधारित उपचार सुनिश्चित करने हेतु डिफरेंशिएटेड टीबी केयर के अंतर्गत 32 हजार से अधिक पात्र मरीजों में से 16 हजार 500 से अधिक मरीजों का आकलन किया गया, जो 51 प्रतिशत उपलब्धि है। टीबी संक्रमण की रोकथाम के लिए टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के अंतर्गत 12 535 व्यक्तियों को टीपीटी आरंभ किया गया।

### न्यूट्रिशन किट वितरण में 83 प्रतिशत उपलब्धि

उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार में पोषण सहायता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से संचालित पोषण सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जनवरी 2026 से अब तक करीब 46 हजार सहमति प्राप्त टीबी मरीजों में से करीब 38 हजार लाभार्थियों को न्यूट्रिशन किट वितरित की गईं, जो करीब 83 प्रतिशत उपलब्धि है। निक्षय मित्र पहल के तहत अभियान अवधि में 2 हजार नए निक्षय मित्र पंजीकृत किए गए तथा सामुदायिक सहयोग से करीब 34 हजार फूड बास्केट टीबी मरीजों को वितरित किए गए। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है। राज्यभर में 7500 स्कूल एवं 1363 कॉलेज स्तरीय गतिविधियां आयोजित की गईं। करीब एक हजार माय भारत स्वयंसेवकों एवं 7 हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई।

### बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बना वरदान, जन्मजात ह्रदय रोग से मिली मुक्ति


**जयपुर।** चिकित्सा विभाग का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम उन बच्चों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है जो पैदाइश से ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे थे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रयासों की वजह से न केवल इन बच्चों का इलाज निशुल्क किया गया बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की राह भी दिखाई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि 7 वर्षीया बालिका शिविका गौड़ को जैसे नया जीवन मिला है। जन्मजात ह्रदय रोग से जूझ रही शिविका आज पूर्ण रूप से स्वस्थ है। माधोराजपुरा के ग्राम डीडावता निवासी और पेशे से पंडिताई करने वाले पिता राधामोहन शर्मा की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। गत 1 मई को जब राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य



कार्यक्रम की मोबाइल हेल्थ टीम (फागी- टीम-बी) डीडावता स्थित महात्मा गांधी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए आई तो वहां उन्हें परीक्षण के दौरान बेबी शिविका के ह्रदय की बीमारी के विषय में पता लगा। मोबाईल हैल्थ टीम के डॉ. मनोज बैरवा और एएनएम रेनू ने उसे आवश्यक चिकित्सा परामर्श के बाद मंगलम प्लस मेडिसिटी अस्पताल में रैफर कर दिया। टीम ने पिता को हिम्मत बंधाई और समस्त ईलाज निशुल्क होने के विषय में बताया।

## ब्रीफ खबरें

### आक्रोश : चरमराती सफाई व्यवस्था के खिलाफ पूर्ण बंद रहा गंगापुर



**भीलवाड़ा।** जिले के गंगापुर में लगातार चरमराती सफाई व्यवस्था, सड़कों पर बिखरे कचरे के ढेर और नालियों में जमा कीचड़ से त्रस्त होकर गुरुवार को गंगापुर पूरी तरह बंद रहा। संयुक्त व्यापार संघ गंगापुर के आह्वान पर आयोजित इस बंद को शहर के अधिकांश व्यापारिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों का भरपूर समर्थन मिला। व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान और दुकानें पूरी तरह बंद रखकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। बंद के कारण शहर के मुख्य बाजारों में सुबह से ही पूरी तरह सन्नाटा पसरा नजर आया। इस दौरान व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार रुइया ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर के कई इलाकों में लंबे समय से नियमित रूप से सफाई नहीं की जा रही है। इसके चलते जगह-जगह कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी व संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार मंडरा रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर आंखें मूंदे बैठा है।

### टायर फटने से बेकाबू बोलेरो पलटी, 4 लोगों की मौत... 3 गंभीर घायल



**बालोतरा।** जिले में टायर फटने से बोलेरो पलट गई। हादसे में मां-बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो सवार अजमेर से जियारत करके बाड़मेर के चौहटन लौट रहे थे। घटना पचपदरा थाना क्षेत्र के भाडियावास गांव के पास की है। पुलिस ने बताया- मृतकों की पहचान रहमत (52) पत्नी नूर मोहम्मद, अरशद (8) पुत्र नूर मोहम्मद और कादर खान (35) पुत्र इनायत निवासी कोनरा विलायतशाह (चौहटन, बाड़मेर) के रूप में हुई है। वहीं काजे खां और हबीब खान को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया है। जहां हबीब खान (45) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं रजाक खान और सवाई खान का बालोतरा के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ईद के मौके पर सभी लोग अजमेर दरगाह में जियारत करने गए थे। वहां से लौटते समय बालोतरा के भाडियावास गांव के बाद बोलेरो का टायर फट गया। जिससे गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई और सड़क से 10 फीट नीचे जा गिरी। बोलेरो कुल 8 लोग सवार थे। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

### महात्मा गांधी अस्पताल बना अखाड़ा, दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और पत्थर



**भीलवाड़ा।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में स्थित महात्मा गांधी सरकारी अस्पताल परिसर उस समय जंग का मैदान बन गया, जब एक मरीज की मिजाजपुर्सी करने आए दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल परिसर में ही दोनों पक्षों के महिला-पुरुषों के बीच जमकर लाठी-डंडे और पत्थर चले, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। इस हिंसक झड़प में एक युवक का सिर फटने से वह लहूलुहान हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट के दौरान एक दिव्यांग महिला ने अपनी बैसाखी से ही दूसरी तरफ के युवक पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। अस्पताल परिसर में हंगामा देख लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही भीमगंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हैरत की बात यह रही कि पुलिस के बीच-बचाव करने के बावजूद दोनों पक्ष शांत नहीं हुए और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में भी एक-दूसरे पर मुक्के बरसाते रहे। भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी ने बताया कि भीमा बावरिया और मगना बागरिया के पक्षों के बीच किसी पुराने आपसी विवाद को लेकर पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। इस खूनी संघर्ष में डंडा लगने से मगना बागरिया का सिर गंभीर रूप से फट गया, जिसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए माहौल को शांत कराया और मौके से शांति भंग करने के आरोप में दो सगे भाइयों भीमा बावरिया और राजू बावरिया को गिरफ्तार कर लिया।

### रामस्नेही संप्रदाय के 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास की तैयारियां शुरू

**भीलवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय, शाहपुरा पीठ के पीठाधीश्वर जगदगुरु आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज के सानिध्य में इस वर्ष शहर के माणिक्यनगर रामद्वारा में "विश्व शांति कल्याण" चातुर्मास-2026 आयोजित किया जाएगा। इसके लिए गठित चातुर्मास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आचार्यश्री ने कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आचार्यश्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन विश्व शांति, मानव कल्याण और सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान करने में सहायक होगा। चातुर्मास कार्यक्रमों का शुभारंभ 19 जुलाई 2026 (रविवार) को सुबह 8:30 बजे गजाधर मानसिंहका धर्मशाला (रेलवे स्टेशन रोड) से निकलने वाली शोभायात्रा और आचार्यश्री की मंगलमय पधरावणी के साथ होगा। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन रामद्वारा में सुबह 5 बजे से रामधुनी, वाणीजी पाठ और सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक आचार्यश्री व संतों के नियमित प्रवचन होंगे। जिसे लेकर स्थानीय भक्तों और समिति में भारी उत्साह है।

---

हादसा : आठ घंटों की समझाइश और मुआवजे के बाद माने परिजन, पुलिस ने करवाया पोस्टमॉर्टम

## ज्वेलर का आईफोन कुएं से निकालने के चक्कर में गोताखोर डूबा

FAIR REPORT

**उदयपुर**

जिले में एक ज्वेलर का आईफोन कुएं से निकालने के चक्कर में गोताखोर की मौत हो गई। गोताखोर आईफोन को ढूंढते हुए काफी गहराई में चला गया था। गोताखोर केशुलाल गमेती (48) निवासी मचीन्द गांव की बुधवार को मौत हो गई थी। इस पर गोताखोर के परिवार और समाज के लोगों ने ज्वेलर के पिता पर केस दर्ज करने और 20 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। परिजनों और पुलिस के बीच गुरुवार सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक समझाइश चलती रही। इसके बाद मुआवजे पर सहमति बनी। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के लिए सहमति दी। देर शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को दे दिया। मामला जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र का है। गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह चारण ने बताया- गोताखोर केशुलाल गमेती का शव बुधवार शाम को कुएं से निकाला गया था। मामले के अनुसार- जोधावतों की भागल मारूवास गांव में ज्वेलर कुलदीप सिंह पिता शंकर सिंह जोधावतों की भागल मारूवास गांव में बुधवार दोपहर रिश्तेदार की मौत के 11वें पर गया था। परिवार के साथ कुएं पर सामूहिक स्नान कर रहा था। इस दौरान उसका आईफोन कुएं में गिर गया। इस पर दोपहर करीब 3 बजे स्थानीय लोगों ने फोन को निकालने के लिए गोताखोर केशुलाल गमेती को बुलाया गया था। वह बेटे रूपलाल के साथ पहुंचा था। कुएं में मोबाइल को काफी देर तक ढूंढा, लेकिन फोन नहीं दिखा। लगातार 2 बार ढूंढने के बाद भी फोन नहीं मिला। तीसरी बार में केशुलाल ने फिर कुएं में गहराई पर जाकर मोबाइल ढूंढने की कोशिश की और वो डूब गए। सूचना पर पहुंची गोगुंदा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।



### बॉयलर फटने से 2 की मौत

**उदयपुर।** शहर के रीको इंडस्ट्रीज एरिया में एक फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत हो गई। मामले में शव नहीं उठाने की मांग करते हुए एमबी अस्पताल की मॉर्च्युरी में हंगामा हुआ और दिन भर बातचीत चलती रही। इसके बाद रात को जाकर इस मामले में सहमति बनी। इस हादसे में गोगुंदा क्षेत्र के बड़ूंदिया गांव निवासी भंवर सिंह झाला और माधु लाल गमेती की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया, जिसके बाद प्रतापनगर थाना पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल लेकर पहुंची। घटना के बाद राजपूत समाज और भील समाज में भारी आक्रोश है और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। बता दें कि फैक्ट्री में काम के दौरान अचानक बॉयलर मशीन में जोरदार ब्लास्ट हो गया। हादसे में गोगुंदा माधुलाल गमेती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भंवर सिंह ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

---

मंत्री का गुस्सा, थाने के बाहर हंगामा और फिर मुकदमा:

# गौतम दक के कथित वायरल ऑडियो ने खड़े किए सत्ता और पुलिस पर बड़े सवाल

**कांस्टेबलों से गाली-गलौज, धमकी और मारपीट के प्रयास के आरोप; SHO बोला- "मानसिक तनाव में रहा", मंत्री ने कहा- "आवाज मेरी नहीं"**

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान की राजनीति में इन दिनों एक कथित वायरल ऑडियो ने ऐसा सियासी भूचाल खड़ा कर दिया है, जिसने सत्ता, पुलिस और राजनीतिक दबाव को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री और बड़ी सादड़ी विधायक गौतम दक पर अपने ही विधानसभा क्षेत्र के डूंगला थाने में पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, धमकी और राजकार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप लगे हैं।

करीब तीन मिनट के कथित वायरल ऑडियो में मंत्री के नाम से पुलिसकर्मियों पर भड़कते हुए बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। ऑडियो सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दिनभर चले घटनाक्रम के बाद डूंगला थाना पुलिस ने मंत्री गौतम दक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि गौतम दक को अब तक शांत, सहज और सरल स्वभाव का नेता माना जाता रहा है, लेकिन वायरल कथित ऑडियो में जिस तरह का गुस्सा, आक्रामक लहजा और कथित धमकी भरी भाषा सुनाई देने का दावा किया जा रहा है, उसने राजनीतिक गलियारों से लेकर आम लोगों तक सभी को चौंका दिया।

### जांच के दौरान शुरू हुआ पूरा विवाद

डूंगला थाना प्रभारी शैतान सिंह की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार पूरा मामला एक अन्य प्रकरण की जांच के दौरान शुरू हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि प्रकरण संख्या 18/2026 की जांच थाना प्रभारी शैतान सिंह कर रहे थे। इसी सिलसिले में 25 मई को ईडरा निवासी धनराज खारोल को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। एफआईआर के अनुसार पूछताछ के दौरान धनराज खारोल से उसके पुत्र मनोज खारोल और अन्य लोगों को भी जांच में शामिल करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने मना कर दिया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि धनराज ने पुलिस को राजनीतिक पहुंच होने की बात कही और जरूरत पड़ने पर मंत्री गौतम दक से बात कराने की चेतावनी दी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि इसके बाद पूर्व सरपंच चंद्रशेखर शर्मा ने भी पुलिसकर्मी को फोन कर मंत्री का नाम लेते हुए दबाव बनाने का प्रयास किया और थाने बुलाने पर शिकायत करने की धमकी दी।

### "थाने के बाहर बुलाया और फिर भड़क गए"

एफआईआर के अनुसार 25 मई की दोपहर मंत्री गौतम दक ने थाना प्रभारी शैतान सिंह को फोन कर थाने के बाहर बुलाया। जब SHO बाहर पहुंचे तो मंत्री ने कांस्टेबल लक्ष्मीनारायण और विष्णु कुमार को भी सामने बुलाने के लिए कहा। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि दोनों कांस्टेबल जैसे ही वहां पहुंचे, मंत्री बिना कोई पक्ष सुने गाली-गलौज करने लगे। पुलिस का आरोप है कि सार्वजनिक रूप से ऊंची आवाज में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया और पुलिसकर्मियों को डराने-धमकाने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि मंत्री ने हाथ उठाकर मारपीट करने का प्रयास किया तथा अपने प्रभाव का डर दिखाते हुए ट्रांसफर कराने और नौकरी खराब करने तक की धमकी दी। पुलिस का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम से राजकार्य भी बाधित हुआ।

### वायरल ऑडियो में क्या-क्या सुनाई देने का दावा

सोशल मीडिया पर वायरल कथित ऑडियो को लेकर सबसे ज्यादा विवाद उसकी भाषा और लहजे को लेकर है। दावा किया जा रहा है कि ऑडियो में 15 से 17 बार तक गाली-गलौज और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल सुनाई देता है। कई जगह मां-बहन से जुड़ी गालियां और धमकी भरे शब्द सुनाई देने का दावा किया गया है। कथित बातचीत में यह भी सुनाई देने का दावा किया जा रहा है कि मंत्री एक कांस्टेबल को लेकर कह रहे हैं कि उसे पहले बड़ी सादड़ी थाना क्षेत्र से हटाया गया था, फिर वह दोबारा उसी विधानसभा क्षेत्र के डूंगला थाने में कैसे पहुंच गया। ऑडियो में कथित तौर पर यह भी कहा गया कि "अब आ ही गया है तो अच्छे से इलाज कर दूंगा।" इसी कथित बयान को लेकर विपक्षी दलों और सोशल मीडिया पर सत्ता के दबाव, पुलिस पर राजनीतिक प्रभाव और पुलिसकर्मियों को खुले तौर पर धमकाने जैसे आरोपों को लेकर बहस शुरू हो गई है।



वायरल ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज उनकी नहीं है। तकनीकी इस्तमाल कर के फर्जी ऑडियों वायरल कर उन्हें राजनीतिक रूप से बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।
सहकारिता मंत्री गौतम दक

### "पुलिसकर्मियों को सफाई का मौका तक नहीं मिला"

पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मंत्री लगातार आक्रोशित थे और पुलिसकर्मियों को अपना पक्ष रखने या सफाई देने तक का मौका नहीं मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बातचीत के दौरान सत्ता का प्रभाव दिखाने और कार्रवाई करवाने जैसी चेतावनी वाला अंदाज महसूस हो रहा था। बताया जा रहा है कि मंत्री का गुस्सा कथित तौर पर अपने समर्थक से पैसों की मांग और उसे परेशान किए जाने की शिकायत को लेकर था। हालांकि, पैसों की मांग के आरोपों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### SHO बोला- "मानसिक तनाव में चला गया"

थाना प्रभारी shaitan सिंह ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि पुलिस सेवा के दौरान उनके साथ पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई। रिपोर्ट के अनुसार मंत्री के व्यवहार और कथित धमकियों के कारण वे मानसिक तनाव में चले गए और दो दिन तक अवसाद की स्थिति में रहे। एफआईआर में यह भी कहा गया कि इसी मानसिक स्थिति के कारण मामला दर्ज कराने में देरी हुई। बाद में पूरे घटनाक्रम की जानकारी उच्च अधिकारियों को देने के बाद मुकदमा दर्ज कराया गया।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

डूंगला थाना पुलिस ने मंत्री गौतम दक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 132, 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है।

- धारा 132 — लोक सेवक को उसके कर्तव्य पालन से रोकने या बाधा पहुंचाने से जुड़ा प्रावधान
- धारा 351(2) — आपराधिक धमकी
- धारा 352 — जानबूझकर अपमान कर शांति भंग करने से जुड़ा मामला

### मंत्री बोले- "फर्जी और एडिटेड है ऑडियो"

हालांकि, सहकारिता मंत्री गौतम दक ने पूरे मामले से साफ इनकार किया है। मंत्री का कहना है कि वायरल ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज उनकी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि तकनीकी माध्यमों का इस्तेमाल कर ऑडियो एडिट किया गया है और उन्हें राजनीतिक रूप से बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। मंत्री ने वायरल ऑडियो को पूरी तरह फर्जी बताया है।

### फॉरेंसिक जांच के बिना सच अधूरा

फिलहाल वायरल ऑडियो की किसी स्वतंत्र एजेंसी या फॉरेंसिक लैब से पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, पुलिसकर्मियों से कथित पैसों की मांग के आरोपों की भी अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने, वायरल कथित ऑडियो में सत्ता के प्रभाव की चर्चा और पुलिस रिपोर्ट में लगाए गए गंभीर आरोपों ने राजस्थान की राजनीति में नया विवाद जरूर खड़ा कर दिया है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि जांच आगे किस दिशा में जाती है और वायरल ऑडियो की सच्चाई क्या निकलकर सामने आती है।

---

कॉल्विन शील्ड में चित्तौड़गढ़ का दमदार प्रदर्शन, चूरू को 8 विकेट से हराया

## श्रेष्ठ पंत के 5 विकेट, हर्षवर्धन का अर्धशतक; आज बाड़मेर से मुकाबला

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़** | आरसीए की ओर से जोधपुर में आयोजित आठ दिवसीय राज्यस्तरीय सीनियर पुरुष कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ टीम ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए चूरू को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। प्लेट-ए ग्रुप के इस मुकाबले में चित्तौड़गढ़ के खिलाड़ियों ने गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों में बेहतरीन तालमेल दिखाया। अब शुक्रवार को टीम का मुकाबला बाड़मेर से होगा।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चूरू की टीम को चित्तौड़गढ़ के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव में रखा।



सटीक और कसी हुई गेंदबाजी के चलते बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना सके और नियमित अंतराल में विकेट गिरते रहे। पूरी टीम 43 ओवर में 144 रन पर सिमट गई। चित्तौड़गढ़ की ओर से श्रेष्ठ पंत ने मैच में सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने 10 ओवर के स्पेल में 2 मेडन रखते हुए सिर्फ 27 रन देकर 5 विकेट झटके। उनकी धारदार गेंदबाजी के सामने चूरू के बल्लेबाज टिक नहीं सके। नरेंद्र सिंह ने भी शानदार साथ निभाते हुए 3 महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। 145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चित्तौड़गढ़ टीम की शुरुआत संभली हुई रही। शुरुआती झटकों के बाद हर्षवर्धन सिंह और रमन घरू ने जिम्मेदारी संभालते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हर्षवर्धन सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि रमन घरू 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों के बीच हुई अहम साझेदारी टीम की जीत की नींव साबित हुई। मैच में चित्तौड़गढ़ की फील्डिंग भी शानदार रही। खिलाड़ियों ने मैदान पर फुर्ती दिखाते हुए विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस जीत के साथ चित्तौड़गढ़ टीम ने प्रतियोगिता में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और अब टीम की नजरें अगले मुकाबले में बाड़मेर के खिलाफ ज़ीत पर टिकी हैं।

# Shambhupura Police Solve PHC Theft Case, Three Notorious Burglars Arrested; Stolen Goods and Tempo Recovered

## Major breakthrough in Arnia Panth PHC theft case, all stolen items including AC, TV and batteries recovered

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Shambhupura Police have solved a major burglary case at the Primary Health Centre (PHC) Arnia Panth and arrested three notorious burglars. The police have also recovered all stolen property including an air conditioner, LED TV, coolers, inverter batteries and other equipment, along with the tempo used in the crime. The action was carried out under the supervision of Superintendent of Police Dharmendra Singh Yadav, Additional Superintendent of Police Mukul Sharma, and DSP Bhadesar Vinod Kumar. The investigation was led by SHO Dharmaraj Meena and his team. According to police, on 13 May 2026, unknown persons broke the locks of the Primary Health Centre Arnia Panth and stole several items including a fridge, air conditioner, cooler, LED TV, batteries and other valuable equipment. After a case was registered, police formed



a special investigation team and began probing the incident. CCTV footage from nearby areas was checked and suspects were identified. Based on continuous investigation and information, police arrested three accused. During interrogation, all stolen items were recovered on their identification. The recovered property includes an AC set with compressor, two large jumbo coolers, one small plastic cooler, one inverter UPS, two large inverter batteries, one LED TV, power stabilizer and other items. Police also recovered the tempo used for transporting the stolen goods. The arrested accused are Murad Shah (27), resident of Nikumbh (currently Husseini Chowk, Dungla), Shobhalal alias Lalit Meghwal (28), resident of Dungla (currently Udaipur), and Imran Khan, resident of Nimbahera. Police said interrogation of the accused is still ongoing and further revelations are expected in the case.

# Operation Trinetra: Major Action Against Drug Smuggling, Opium, Smack and Doda-Chura Seized in Three Cases

### Chittorgarh Police Arrest 6 Accused; Scooter, Bike and Truck Seized in Separate Operations

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** Under the ongoing Operation Trinetra against drug smuggling in the district, police have taken major action in three different police station areas. Mandaphia, Kapasan and Mangalwad police stations recovered illegal opium, smack and opium doda-chura in separate cases. A total of 6 accused have been arrested and vehicles used in smuggling have been seized.

The action was taken under the guidance of Superintendent of Police Dharmendra singh and Additional Superintendent of Police Mukul Sharma.

Mandaphia Police Seize 1.95 Kg Opium from Scooter Under DSP Bhadesar Vinod Kumar and Mandaphia SHO Ravindra Sen, police set up a checkpoint near Kesar Khedi school. During checking, a suspicious scooter tried to turn back and escape, but police stopped it. On searching the scooter, police found 1 kg 950 grams of illegal opium hidden in the seat storage. The scooter was seized, and two accused — Gopal Jat (27, Kesar Khedi) and Prakash Jat (37, Ghodakheda) — were arrested.

### A case under the NDPS Act has been registered.

Kapasan Police Recover 3.72 Grams Smack, Two Arrested Under DSP Kapasan Harjilal and SHO Sunil Sharma, police were checking vehicles near Ambedkar Bhawan. A motorcycle without a number plate tried to escape after seeing the police. Police caught both riders after chasing them. During search, 3.72 grams of smack was found in a plastic packet with Shabbir Khan Pathan.

Police arrested Suresh Vyas and Shabbir Khan Pathan, and seized the motorcycle and drugs.

### Mangalwad police Seize 3.20 Kg Doda-Chura from Truck

Under DSP Kapasan Harjilal and DSP Badi SadriDeshraj Kuldeep, Mangalwad police led by SHO Gokul Lal Dangi stopped a truck coming from Udaipur side during checking. The driver tried to escape but was stopped by police. On search, 3 kg 20 grams of illegal opium doda-chura was found in the truck. Police arrested driver Rajendra Kumar Sharma and helper Surjeet Singh, and seized the truck along with the drugs.

### Police Say Strict Action Will Continue

Officials said that under Operation Trinetra, strict action against drug smuggling will continue across the district. Police warned that strict legal action will be taken against those involved in illegal drug trade.

# Pickup Hits Bike of Devotees Going to Sanwaliyaji, One Dead; Uncle and Nephew Seriously Injured

### Accident on Chittorgarh-Udaipur Highway, Two Referred to Kota for Treatment

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Three devotees going to Sanwaliyaji temple on a bike met with a road accident on Thursday morning on the Chittorgarh-Udaipur highway. A speeding pickup vehicle hit their bike from behind near Gopikrishna Hotel on the Bansen road. The bike rider died during treatment, while his friend and nephew were seriously injured. The pickup driver fled from the spot after the accident. According to police, 35-year-old Devishankar Mali, resident of Bhatwada in Baran district, was going to Sanwaliyaji temple with his neighbour and friend 35-year-old Lokendra Mali and his 9-year-old nephew Abhishek Mali, who is a resident of Madhya Pradesh. They had left their village on Wednesday night around 10 pm. On Thursday morning around 6 am, when they reached near Bansen road on the highway, a fast-moving pickup coming from behind hit their bike strongly. Due to the impact, all three fell on the road and suffered serious injuries. Local people immediately informed the ambulance and shifted them to the district hospital. During treatment, Devishankar Mali died. Doctors later referred injured Lokendra and Abhishek to Kota for better treatment. Police said Lokendra suffered serious injuries on his head, hands, legs and waist, while Abhishek fractured both his legs. Police have registered a case and started searching for the pickup driver. After postmortem, the body was handed over to the family members. Family members said Devishankar was the only earning member of the family and worked as a contractor. He is survived by his wife, 13-year-old daughter Monika and 8-year-old son Navratan. His father does farming, while his younger brother also worked with him. The sudden accident has left the family in deep shock and financial trouble.

### Haryana to launch master's, PhD courses in post-harvest management: CM Saini

**Chandigarh**: Haryana Chief Minister Nayab Singh Saini on Thursday announced that master's degree and PhD programmes would be introduced in post-harvest management, plant pest control and plant diseases. He also dedicated 14 Horticulture Science Centres of Maharana Pratap Horticulture University and said the centres would play a significant role in delivering the latest technologies, quality planting material and scientific guidance to farmers. The Chief Minister was addressing the inaugural session of a national conference organised by Maharana Pratap Horticulture University and the Lieutenant Amit Memorial Foundation in Karnal. The conference was based on the theme: "Strategic Paradigm of Quality Seeds and Planting Material for Horticultural Crops in Amritkaal".

# DK Shivakumar's journey from grassroots organiser to K'taka's top Congress leader

FAIR REPORT

**Bengaluru:** Karnataka Deputy Chief Minister and Karnataka Pradesh Congress Committee (KPCC) President D.K. Shivakumar, who is set to assume the post of Chief Minister following the resignation of CM Siddaramaiah, has emerged as one of the most influential political leaders in the state. His political journey, spanning more than four decades, has been marked by organisational strength, electoral success and major governance initiatives. Widely regarded as the Congress party's principal strategist and crisis manager in Karnataka, Shivakumar's rise from a grassroots student leader to the corridors of power reflects a long political career shaped by organisational work, electoral battles and administrative responsibilities. Shivakumar has often said that he gave everything possible for the party. He maintained that he was given two choices — either join the BJP or go to jail — and that he chose the latter. After spending 50 days in Tihar Jail in 2019 following his arrest by the Enforcement Directorate (ED) on money laundering charges, he emerged stronger politically and consolidated his position as a powerful Congress leader. Congress leader Sonia Gandhi personally visited him in Tihar Jail, and Shivakumar later received a grand welcome from party workers after his release. He was subsequently elevated to the post of Karnataka Congress president. A native of Kanakapura, Shivakumar entered politics in the early 1980s through the National Students' Union of India (NSUI) while pursuing his degree education. Congress leaders often recall that his early political journey was encouraged by former Prime Minister Rajiv Gandhi.

### Bihar Minister attacks Opposition, defends ECI and NEET

**Patna:** Bihar Rural Works Department Minister Ashok Choudhary launched a sharp attack on Opposition parties over several political and contemporary issues, including the Election Commission controversy, the NEET paper leak case, illegal settlements in border areas, and allegations of human trafficking, on Thursday. Commenting on the ongoing controversy surrounding the election process and the Election Commission of India (ECI), Ashok Choudhary, who visited the JD(U) office in Patna, accused Opposition parties of creating unnecessary confusion among the public. He stated that attempts were being made to falsely portray the Election Commission as working under the influence of a particular political party, calling such allegations completely baseless. Taking a swipe at the INDIA bloc for projecting Leader of the Opposition (LoP) in Lok Sabha Rahul Gandhi as the face of the upcoming elections, Choudhary remarked that such a move would ultimately help the NDA secure an even larger victory margin.

# WHO chief says Ebola outbreak in DR Congo complicated by conflict, insecurity

FAIR REPORT

**Kinshasa**: The Ebola outbreak in the Democratic Republic of the Congo (DRC) was "very complex," with conflict, insecurity, displacement, food shortages and community mistrust complicating efforts to contain the disease, World Health Organization (WHO) Director-General Tedros Adhanom Ghebreyesus said. Speaking to reporters on late Thursday at the airport upon arriving in the DRC capital of Kinshasa, Tedros said he had come to show affected communities that "they are not alone" and that the WHO was there to support the response, Xinhua news agency reported. WHO teams are already working on the ground in Bunia, the capital of the eastern Ituri province, he said, adding that he would travel there on Friday to assess the situation. Tedros said conflict and insecurity were among the main factors hampering the response and reiterated his call for a ceasefire in affected areas plagued by armed attacks.



Asked about travel restrictions imposed by some countries on travelers from the DRC, Tedros said "a travel ban is not advised by WHO," explaining that such measures may only delay transmission by a few days.

"The best approach is to intensify measures at the source and provide support," he said. Travel bans could also have negative public health consequences, Tedros added, warning that countries reporting outbreaks transparently may feel they are being penalized, potentially discouraging early reporting.

More than 1,000 suspected cases and 238 suspected deaths have been reported as the latest outbreak continues to spread across the DR Congo's eastern provinces, according to a situation report released Wednesday by the country's Ministry of Health.

The current outbreak marks the country's 17th Ebola epidemic. Laboratory tests identified the Bundibugyo strain of the virus, a relatively rare form of Ebola. The WHO declared the outbreak a public health emergency of international concern on May 17, while the Africa Centers for Disease Control and Prevention later declared a continental public health security emergency.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**